>**12.13 hrs.**

Title: Statement regarding Government business for the week commencing 25 November, 2002 and submissions by the members.

संसदीय कार्य मंत्री तथा संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री प्रमोद महाजन) : महोदय, आपकी अनुमति से मैं यह सूचित करता हूं कि सोमवार, 25 नवम्बर, 20022 से प्रारम्भ होने वाले सप्ताह के दौरान इस सदन में निम्नलिखित सरकारी कार्य लिया जाएगा -

1. आज की कार्यवाही से बकाया सरकारी कार्य की किसी मद पर विचार
2. निम्नलिखित अध्यादेशों का निरनुमोदन चाहने वाले सांविधिक संकल्पों पर चर्चा और इन अध्यादेशों के प्रतिस्थापक विधेयकों पर विचार और पारित करना -

   I. दिल्ली मैट्रो रेल (संचालन और रख-रखाव) अध्यादेश, 2002
   II. यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया (उपक्रम का अन्तरण और निरसन) अध्यादेश, 2002
   III. भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (संशोधन) अध्यादेश, 2002
   IV. लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अध्यादेश, 2002

1. लोक सभा द्वारा पारित किए गए रूप में संविधान(93वां संशोधन) विधेयक, 2001 में राज्य सभा द्वारा किए गए संशोधनों पर विचार और सहमति देना - बुधवार, 27 नवम्बर, 2002 को लिया जाएगा।
2. निम्नलिखित विधेयकों पर विचार और पारित करना -

   I. शरणार्थी सहायता कर (उत्सादन) निरसन विधेयक, 2002
   II. उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्तें) दूसरा संशोधन विधेयक, 2002
   III. उच्च न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्तें) संशोधन विधेयक, 2002
   IV. मैसूर राज्य विधानमंडल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) निरसन विधेयक, 2002
   V. कम्पनी (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2002

1. राज्य सभा द्वारा पारित किए गए रूप में निम्ननिखित विधेयकों पर विचार और पारित करना -

   I. गर्भ का चिकित्सीय समापन (संशोधन) विधेयक, 2002
   II. वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) विधेयक, 2002
   III. सामुद्रिक नौपरिवहन और महा द्वीपीय मग्नतट भूमि पर प्लेटफार्मों की सुरक्षा के विरुद्ध विधि विरुद्ध कार्यों का दमन विधेयक, 2002

1. लोक सभा द्वारा पारित किए गए रूप में धन शोधन निवारण विधेयक, 1999 में राज्य सभा द्वारा किए गए संशोधनों पर विचार और सहमति देना ।

â€¦ (व्यवधान)

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : महोदय, गन्ना किसानों की स्थिति के बारे में कृमि मंत्री जी को बुला लिया जाए। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : अगले सप्ताह के लिए सरकारी कार्य के वक्तव्य के बाद अब सब्मिशन्स शुरु होंगे।

â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : श्रीमती जयश्री बैनर्जी जी के अलावा किसी अन्य की बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

â€¦ (व्यवधान)

SHRIMATI JAYASHREE BANERJEE (JABALPUR): Sir, the following items may be included in the next week's agenda:-

There should be less books for small children. As the weight of bags of the children is so heavy that it is not good from health point of view. The weight of the bags brings stress problem. Syllabus must be revised. â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : कृपा कर आप सभी माननीय सदस्य बैठ जाइए।

â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : क्या आप जानते नहीं हैं कि जब अध्यक्ष खड़े हों तो आप बैठ जाएं। यह क्या बात है? अध्यक्ष खड़े हैं तो आप बैठ नहीं सकते। मैं सभी माननीय सदस्यों से कह रहा हूं कि जब अध्यक्ष बोलें तो आप सभी को बैठना पड़ेगा। आप लोग सदन का साधारण तरीका भी नहीं जानते।

मैं बोल रहा था कि अभी तक जीरो ऑवर शुरू नहीं हुआ है, दूसरा बिजनेस सदन में चालू है। बिजनेस एडवायज़री कमेटी में जो डिसाइड हुआ है, उसके मुताबिक सबमिशंस आ रहे हैं। क्या आप सदन में इसी तरह बर्ताव करेंगे, आप सदन को चलाना नहीं चाहते हैं। इस तरह कैसे चलेगा? मुझे बिजनेस चलाने दो। जब जोरो ऑवर होगा तो मैं जरूर आपकी बात सुनूंगा, उस समय आप बोल सकते हैं। मुझे यह अच्छा नहीं लगता है कि मैं ऊंची आवाज में कुछ कहूं। आप कोआपरेट करेंगे तो बड़ी अच्छी बात होगी।

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : महोदय, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित प्रस्ताव चर्चा के लिए सम्मिलित कराने की कृपा करें -

1. वर्ा 1950 में संविधान अंगीकृत करते समय अनुच्छेद 45 के अंतर्गत यह प्रस्ताव अंगीकृत किया गया था कि राज्य संविधान लागू होने के दस वर्ों के अंदर सभी बच्चों को 14 वर्ा की आयु पूरी होने तक निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का प्रयत्न करेगा, परन्तु ऐसा अभी तक हो नहीं सका है।
2. वर्ा 2002-2003 के गन्ना पेराई सत्र में गन्ने का आपूर्ति मूल्य तय न हो पाने से उत्तर प्रदेश के किसानों की स्थिति दयनीय हो गई है। राज्य सरकार ने सरकारी नियंत्रण की चीनी मिलों को चलाने के लिए राजाज्ञा जारी की थी, उसे वापस ले लिया है। अत: किसान अपनी फसल जला रहे हैं।

SHRI HANNAN MOLLAH (ULUBERIA): Sir, the following items may be included in the next week's agenda:-

a. **In spite of some marginal improvement in our performance in various international sports meets, mainly due to individual efforts of our athletes, we also got some bad name in some international games due to charges of doping. We should do much more in the field of sports to harness our potential. But we have no clear sports policy. The House should discuss a comprehensive sports policy.**
b. **In a recent report called "The Foreign Exchange of Hate", it is revealed that fund is collected in USA from corporate houses for the purpose of development of poor and tribals but used in India for communal activities. This is posing a threat to our unity and it must be discussed and stopped.**

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : महोदय, निम्नलिखित विाय को अगले सप्ताह की कार्यसूची में जोड़ा जाए -

1- पूर्वी उत्तर प्रदेश के चीनी उद्योग को बचाने तथा आधुनिकीकरण एवं विस्तारीकरण करने के लिए 300 करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज दिए जाने की आवश्यकता।

2- भारत-नेपाल सीमा पर चल रही राट्र विरोधी गतिविधियों को शक्ति के साथ दबाए जाने की आवश्यकता।

श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) : महोदय, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विाय जोड़े जाएं।

1- देश में लोकसभा, विधानसभा, पंचायत इत्यादि चुनाव अलग-अलग होने के कारण पांच साल तक लगातार चुनाव ही होते रहते हैं। सभी राजनैतिक दल चुनाव की तैयारियों में ही व्यस्त रहते हैं, इस कारण देश का विकास बुरी तरह बाधित होता है। सभी चुनावे एक ही वर्ा में कराए जाने हेतु आम सहमति बने, इस पर चर्चा कराए जाने की आवश्यकता।

2- देश में वर्ों से अधूरी पड़ी सिंचाई योजनाओं को पूरा करने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम बनाने की आवश्यकता।

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Sir, I request that the following items may be taken up in next week's business:-

1. **Santhali language is one of the oldest languages of our country. It is a language of more than one crore people. It has its own literature and script. This language should be included in the Eighth Schedule of the Constitution.**
2. **More than twenty crores of workers are in unorganized sector. They are the Agricultural labourers, Construction workers, Bidi workers, Rickshaw pullers and Shops and Establishment workers etc. These**

workers are exploited and are not getting even the minimum wages. There is no law in regard to unorganized workers. Government should enact a law to protect the unorganized workers from exploitation.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) : अध्यक्ष महोदय, नेपाल की तराई से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार. झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु सहित अन्य प्रदेशों में वामपंथी उग्रवाद तथा आईएसआई की विघटनकारी घटनाओं पर सदन में चर्चा हो।

देश में सूखे की स्थिति को ध्यान में रखते हुए 50 र्वा से पुरानी लघु सिंचाई योजनाओं के पुनरुद्धार पर अविलम्ब चर्चा की जाए ताकि मध्य प्रदेश के जमुनिया जलाशय जैसी फूटने की घटनाओं को रोका जा सके।

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति के अनुसूची क्रमांक 14 पर चमार, चमारी, अहिरवार, मोची, रैदास, भंगी, मेहतर के साथ सतनामी जाति का उल्लेख है लेकिन सतनामी जाति के लोगों की मांग है कि सतनामी जाति को पृथक कर अनुसूचित जाति अनुक्रमांक 14 (अ) में सतनामी जाति का उल्लेख किया जाए। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भी भेजा है।

देश भर में कार्यरत जन स्वास्थ्य रक्षकों की मासिक मानदेय पिछले 22 र्वाों से माहवार पचास रुपए है। वर्तमान परिस्थितियों एवं महंगाई को ध्यान में रखते हुए इनका मानदेय बढ़ाया जाए।

MR. SPEAKER: Now, we go to Calling Attention Notice.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have not started 'Zero Hour'.

...(*Interruptions*)

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों की हालत बहुत खराब है। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदयः **मैंने आपको इस विाय में बोलने की इजाजत नहीं दी है। प्रोसीजर यह है** : precedence is always given to Calling Attention Notice. Therefore, I take up for Calling Attention Notice first.

...(*Interruptions*)

SHRI K.P. SINGH DEO (DHENKANAL): What about 'Zero Hour'?

MR. SPEAKER: That will be taken up after the Calling Attention Notice. यह प्रोसीजर और रूल है।

श्री रामजीलाल सुमन : अध्यक्ष महोदय, मेरी आपसे हाथ जोड़ कर प्रार्थना है कि आप इस बारे में निर्देश दीजिए और कृाि मंत्री को बुलाइए। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: The Minister of Parliamentary Affairs is here. He will take notice of what you have said.